उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी
सी-13, द्वितीय तल, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010
यूपीडा
☎ 0522-2307542 / 2307592 / 4013560, फैक्स : 0522-4013560 ईमेल: upeida2@gmail.com

पत्रांक : 17/ यूपीडा/ 925/ 2018 दिनांकः 15 अगस्त 2018

72वें स्वतन्त्रता दिवस पर यूपीडा द्वारा 25000 पौधों का व्यापक वृक्षारोपण

15 अगस्त को माननीय मुख्य मंत्री के आवाह्न पर यूपीडा द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेस–वे के किनारे व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया | एक्सप्रेस वे की पाँचो कार्यदायी एजेन्सियों द्वारा उनके क्षेत्रों मे 5000 पौधे रोपित किए गए, इस प्रकार कुल 25000 पौधों का एक ही दिन में रोपण हुआ । श्री अवनीश अवस्थी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा ने एक्सप्रेस–वे के किनारे बने जन सुविधा केन्द्र के परिसर में बनाई गई पंचवटी वाटिका मे बरगद का वृक्षारोपण कर उसका लोकार्पण किया। इस पंचवटी मे बरगद ,बेल, आंवला, पीपल और अशोक के वृक्ष निश्चित दिशा में ही लगाए जाते है। पंचवटी की स्थापना का विशेष आध्यात्मिक तथा पौराणिक महत्व होने के साथ ही इसके पौधों का पर्यावरणीय महत्व भी होता है। यूपीडा द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों की ख़ूबी यह रही कि इनमें समीपवर्ती विद्यालयों के 1000 से भी अधिक बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस वृक्षारोपण मे भाग ले रहे विद्यार्थियों का उत्साह उस समय देखने लायक था जब श्री अवनीश अवस्थी ने वृक्ष लगाने वाले विद्यार्थियों को यूपीडा की ओर से ट्रैक सूट तथा खेलने के जूतो के साथ ही वृक्षारोपण में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यालयों मे क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल तथा बालीबाल के उपकरण देने की घोषणा की। यूपीडा द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासियो सहित स्वयंसेवी संस्थाओं तथा यूपीडा और कार्यदायी एजेन्सियों के अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया ।वृक्षारोपण के सभी कार्यक्रमो का आयोजन श्री बी°सी° तिवारी, विशेष कार्याधिकारी वन के दिशा निर्देशन में हुआ।

नोट – विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट www.upeida.in का अवलोकन करें |

–प्रेस नोट की समाप्ति–